काजरी की उन्नत तकनिकियों से अधिक लाभ

सुमेरपुर पंचायत समिति के बलवना गांव में काजरी, क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र, पाली की अनुसूचित जाति उप–परियोजना के अन्तर्गत कृषक–वैज्ञानिक परिचर्चा का आयोजन किया गया। जिसमें बलवना गांव के 188 किसानों तथा काजरी–पाली के वैज्ञानिक ड़ॉ. एम. बी. नूर मोहम्मद एवं ड़ॉ. कमला कुमारी चौधरी ने भाग लिया। परिचर्चा के दौरान ड़ॉ. एम. बी. नूर मोहम्मद ने किसानों को बताया कि अधिक लाभ के लिए काजरी द्वारा विकसित नवीनतम तकनिकियों को कृषि विकास के लिए अपनाना चाहिए। ड़ॉ. कमला कुमारी चौधरी ने किसानों को मृदा लवण प्रबंधन में जिप्सम एवं ढेचेकी, हरी खाद का उपयोग करने की सलाह दी। संस्थान की ओर से अनुसूचित जाति उप–परियोजना के अन्तर्गत बलवना गांव में कृषकों के उत्थान के लिए 46 त्रिपाल, 38 मिल्क केन एवं 142 कस्सी आदानों का वितरण किया गया।